देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.10.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में नियुक्ति पाने वाले 109 समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग में चयनित 1 हजार 347 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने बागेश्वर में सहकारिता मेले का शुभारंभ किया।
- चम्पावत के लोहाघाट में तीन दिवसीय कौशलम शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।
- वर्षाकाल के बाद चार धाम यात्रा में एक बार फिर तेजी आई।

## नियुक्ति पत्र

प्रदेश सरकार ने आज सचिवालय प्रशासन विभाग में नियुक्ति पाने वाले 109 समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग में चयनित 1 हजार 347 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापरक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त कार्मिक अपने कार्य को सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का आधार मानकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के साथ हैं और सरकार उनकी है। उन्होंने कहा कि सरकार, युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

## सहकारिता मेला

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने बागेश्वर जिले के नुमाइशखेत मैदान में सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। इस मेले का उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को एक मंच पर लाना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। 17 अक्टूबर तक चलने वाले मेले में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठन, समूह और उद्यम अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सहकारिता मेले के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग, समूह और संगठन अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री कर सकेंगे। इससे उन्हें पहचान मिलेगी और आमदनी के अवसर बढ़ेंगे।

गड्ढा मुक्त सड़कें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली से पहले प्रदेश में सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर काम लगातार तेजी से जारी है। इस संबंध में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए विभागीय सचिव खुद मौके पर मौजूद रहकर काम करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है दीपावली तक प्रदेश की सड़कें दुरुस्त हो जाएं और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का समाना न करना पड़े।

राष्ट्रीय पोषण माह

पौड़ी जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास परियोजना, दुगड्डा की ओर से कोटद्वार में महिला एवं बाल पोषण मेले का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्षा ऋतु खंडूड़ी भूषण ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिला एवं बाल पोषण की नींव हैं। उनके प्रयासों से नौनिहाल बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं व मातृशक्ति को सही पोषण, स्वास्थ्य जागरुकता और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संतोषी गुसाई ने पोषण माह के उद्देश्य और गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नवजात बच्चों को महालक्ष्मी किट, बालिकाओं को किशोरी किट और अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित की गयी।

कौशलम प्रशिक्षण कार्यक्रम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत चम्पावत के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लोहाघाट में तीन दिवसीय कौशलम शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि कौशलम कार्यक्रम की मूल अवधारणा, विद्यार्थियों में उद्यमशील मानसिकता की सोच विकसित करना है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के उद्यमशील विचार को व्यवसाय और बाजार से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

चारधाम यात्रा

वर्षाकाल के बाद एक बार फिर चार धाम यात्रा में तेजी आ गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, चारों धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, केदारनाथ धाम में भी आस्था का सैलाब उमडने लगा है। देश के विभिन्न हिस्सों से भक्त यहाँ पहुँचकर बाबा का आशीर्वाद ले रहे हैं। कल 12 हजार 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस साल केदारनाथ धाम में अब तक 17 लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण ने कहा कि सरकार की ओर से केदारनाथ धाम में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई हैं।

पंचायत प्रशिक्षण

चंपावत में नवनिर्वाचित जिला पंचायत प्रतिनिधियों के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाना है। इसका शुभारंभ जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार और जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी ने किया। इस प्रशिक्षण में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्य भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों, पंचायती राज व्यवस्था के कानूनी पहलुओं, 73वें संविधान संशोधन के प्रावधानों और त्रिस्तरीय पंचायत राज संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम–2016 पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर एम.पी. जोशी और नवीन उपाध्याय ने प्रशिक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार कहा कि यह प्रशिक्षण जिला पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने क्षेत्रों में ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में करें।